# किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
## (अग्रणी महाविद्यालय)

Phone & Fax- 07762-222966

Email - kgcraigarh1958@gmail.com

www.kgcollegeraigarh.ac.in


रायगढ़, दिनांक 09/11/2021

# सूचना

इस महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एम.ए./एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातक बी. कॉम प्रथम वर्ष, बी.सी.ए. प्रथम वर्ष, बी.एस.सी. बायो प्रथम वर्ष, बी.एस.सी. गणित प्रथम वर्ष, बी.ए. प्रथम वर्ष के नियमित अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के अधिसूचना क्रमांक 1507/परीक्षा गोप./2021 रायगढ़ दिनांक 30/10/2021 के अनुसार नामांकन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

नामांकन उपरान्त प्राप्त हार्डकॉपी को निम्नांकित दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित करते हुए एवं निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करनें के बाद निम्नानुसार समिति/विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन नामांकन करनें की **अंतिम तिथि 20/11/2021** है। हार्डकॉपी को महाविद्यालय में दिनांक **22/11/2021** तक जमा करना अनिवार्य ह, अन्यथा छात्र/छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आवश्यक दस्तावेज –

1. निर्धारित स्थान पर आवेदक के हस्ताक्षरित ऑनलाईन नामांकन फार्म का प्रिंट आउट ।
2. ऑनलाईन नामांकन शुल्क की रसिद
3. महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय जमा किये गये ऑनलाईन शुल्क रसिद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. 10 वीं, 12 वीं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. स्नातक अंकसूची (समस्त सेमेस्टर/वर्ष) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां।
   **(स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए लागु)**
6. गैप प्रमाण पत्र **(यदि लागु हो)**
7. निवास प्रमाण पत्र
8. जाति प्रमाण पत्र **(यदि लागु हो)**
9. माइग्रेशन प्रमाण पत्र
   नोट– स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राएं यदि स्नातक परीक्षा अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किये हों तो उन्हे नामांकन फॉर्म में माइग्रेशन प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही होगी परन्तु उन्हे अनिवार्यतः नामांकन फॉर्म भरना होगा।
10. दिव्यांग प्रमाण पत्र **(यदि लागु हो)**

संलग्न– 1 विश्वविद्यालय की अधिसूचना।
2 महाविद्यालय द्वारा गठित समिति की आदेश की प्रति।

09.11.2021

प्राचार्य
किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

D:\AUTONOMOUS HOST\Letter\SUCHNA,ADHISUCHNA,AADESH.docx

# किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
## (अग्रणी महाविद्यालय)

विनयात् शोभते विद्या

Phone & Fax- 07762-222966

Email - kgcraigarh1958@gmail.com

www.kgcollegeraigarh.ac.in


क्रमांक / 995/परीक्षा गोप. / 2021 रायगढ़, दिनांक 09 / 11 / 2021

## आदेश

शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के अधिसूचना क्रमांक 1507 / परीक्षा गोप. / 2021 रायगढ़ दिनांक 30 / 10 / 2021 के परिपालन में ऑनलाईन नामांकन आवेदन जमा करने निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है। समिति नियमित अध्ययनरत छात्र / छात्राओं से नामांकन आवेदन पत्र जमा कर सत्यापित करनें की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

| | |
|---|---|
| 1. एम.ए. / एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर – | संबंधित विभागाध्यक्ष |
| 2. बी. कॉम प्रथम वर्ष – | डॉ. रश्मि यादव (सहा. प्राध्यापक वाणिज्य)<br>श्रीमती एस. कुलदीप |
| 3. बी.सी.ए. प्रथम वर्ष – | श्रीमती कुसुमलता खुंटे (सहा. प्राध्यापक रसायन शास्त्र)<br>श्री लक्ष्मण सिदार |
| 4. बी.एस.सी. बायो प्रथम वर्ष– | डॉ. सुषमा पटेल (सहा. प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र)<br>प्रो. विनिता पाण्डेय (सहा. प्राध्यापक प्राणीशास्त्र)<br>श्री पी. आर. राठिया<br>श्री एम. आर दर्शन |
| 5. बी.एस.सी. गणित प्रथम वर्ष– | प्रो. अशोक कुमार पटेल (सहा. प्राध्यापक भौतिक शास्त्र)<br>श्री डी. एस. चन्द्रा<br>श्री ललित सिंह राठिया |
| 6. बी.ए. प्रथम वर्ष– | डॉ रविन्द्र चौबे (सहा. प्राध्यापक हिन्दी)<br>डॉ शारदा घोघरे (सहा. प्राध्यापक मनोविज्ञान)<br>श्रीमती लेखा सारथी<br>श्रीमती लीना भास्कर |

प्राचार्य
किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक / 995/A/परीक्षा गोप. / 2021 रायगढ़, दिनांक 09 / 11 / 2021

प्रतिलिपिः– संबंधित अधिकारी / कर्मचारी ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... को सूचनार्थ।

प्राचार्य
किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 1507 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 रायगढ़, दिनाँक 30.10.2021

## –:: अधिसूचना ::–

सत्र 2021–22 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध जिला–रायगढ़ एवं जाँजगीर–चाँपा के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष/सेमे. पाठ्यक्रमों में प्रवेशित नियमित परीक्षार्थी (जो विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होगें) हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध ऑनलाईन पोर्टल लिंक के माध्यम से नामाँकन आवेदन **(Enrollment From)** एवं नामाँकन शुल्क ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है।

| क्रं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01. | ऑनलाईन नामाँकन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 01.11.2021 |
| 02. | ऑनलाईन नामाँकन आवेदन की अंतिम तिथि | 20.12.2021 रात्रि 12:00 बजे तक |

टीपः–

- छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की तिथि एवं छात्रों से प्राप्त ऑनलाईन नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि पृथक से जारी किया जायेगा।

- नियतिम छात्र–छात्राओं का नामाँकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामाँकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी. /पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामाँकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ई–मेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।
- छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामाँकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

01. महाविद्यालय को संबंधित विषय/पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामाँकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखे।
02. नामाँकन आवेदनों के अग्रेषण हेतु नामाँकन शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क पृथक से महाविद्यालय द्वारा नही लिया जायेगा।
03. नामाँकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।
04. नामाँकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
05. किसी भी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नही होने पर विश्वविद्यालय के अकादमी/परीक्षा विभाग में संपर्क करें।

30102021

(कृष्ण कुमार चंद्राकर)
कुलसचिव

पृ.क्रं. 1508 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 रायगढ़, दिनाँक 30.10.2021

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्ववविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव (वित्त / अकादमी / भंडार /) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन नामाँकन भरने हेतु सुचित करें।
05. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा / अकादमी / भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. संपादक / संवाददाता, दैनिक .................................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

30/X/2021

उप–कुलसचिव